समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# गणतंत्र दिवस समारोह मे उंत्कृष्ट सेवाओं के लिए नागरिक सम्मानित

राजेश चौधरी
Published on 27 Jan 2026




राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़

भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रशासन द्वारा भव्य जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने सहभागिता कर उपस्थित आमजन को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें भारतीय संविधान के मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं और सामाजिक समरसता की भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति निष्ठा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता ही सशक्त भारत की आधारशिला है।

समारोह के दौरान राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली जिले की प्रतिभाशाली विभूतियों, वीरांगनाओं एवं कर्मठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह उपस्थित जनसमूह के लिए प्रेरणास्रोत बना और समाज सेवा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय लोकतंत्र, संविधान की गरिमा, राष्ट्रीय एकता और अखंडता की भावना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा।

इस गरिमामय समारोह में कोटपूतली विधायक श्री हंसराज पटेल, जिला कलक्टर श्रीमती प्रियंका गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक श्री देवेंद्र विश्नोई, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्री ओम प्रकाश सहारण सहित जिले के अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

समारोह राष्ट्रभक्ति, एकता और संविधान के प्रति सम्मान की भावना के साथ संपन्न हुआ।

#RepublicDay #गणतंत्र_दिवस

संवाददाता राजेश चौधरी

जयपुर राजस्थान

मोबाइल नंबर-9983-919191

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.